भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.5010

दिनांक 01 अप्रैल, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

## अन्य देशों के साथ व्यापार समझौते

**5010. डॉ. थोल तिरुमावलवन:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान अन्य देशों के साथ व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है:
(ग) क्या सरकार के पास दूसरे देशों के साथ व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर करने के लिए कोई नए प्रस्ताव हैं; और
(घ) यदि हां, तो इन देशों से आयात की जाने वाली और इन देशों को निर्यात की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) और (ख): सरकार ने पिछले 3 वर्षों के दौरान अपने व्यापारिक साझेदारों के साथ निम्नलिखित 3 मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं :

| क्र.सं. | समझौते का नाम | समझौते पर हस्ताक्षर की तिथि | समझौते के कार्यान्वयन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | भारत-यूएई सीईपीए | 18 फरवरी, 2022 | 1 मई,2022 |
| 2 | भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (भारत-ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए) | 2 अप्रैल, 2022 | 29 दिसंबर 2022 |
| 3 | भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) | 10 मार्च 2024 | भारत और ईएफटीए देशों द्वारा अनुसमर्थन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसे लागू किया जाएगा। |

(ग) और (घ): वर्तमान में सरकार अपने व्यापारिक साझेदारों के साथ मौजूदा समझौते के विस्तार सहित निम्नलिखित एफटीए पर बातचीत कर रही है:

i) भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता
ii) भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार समझौता
iii) भारत-पेरू मुक्त व्यापार समझौता
iv) भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता
v) भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता
vi) भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता
vii) भारत और न्यूज़ीलैंड ने 16 मार्च, 2025 को एफटीए वार्ता शुरू करने की घोषणा की है।

वस्तुओं, सेवाओं में व्यापार, सीमा शुल्क प्रक्रिया, व्यापार सुविधा, व्यापार में तकनीकी बाधाएं, व्यापार संबंधी उपचार आदि चल रही वार्ताओं का हिस्सा हैं।

******